सदन की कार्य उत्पादकता 121 प्रतिशत: लोक सभा अध्यक्ष

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के लिए आवंटित 12 घंटे के समय के स्थान पर 15 घंटे 13 मिनट हुई चर्चा, 120 सदस्यों ने लिया भाग: लोक सभा अध्यक्ष

आम बजट पर सामान्य चर्चा के लिए आवंटित 12 घंटे के स्थान पर कुल 15 घंटे 33 मिनट हुई चर्चा, 144 सदस्यों ने लिया भाग: लोक सभा अध्यक्ष

गतिरोध मुक्त चर्चा से देश के नागरिकों का लोकतांत्रिक संस्थाओं में भरोसा बढ़ता है: लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 11 फरवरी, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने बजट सत्र के प्रथम चरण के आखरी दिन, सदन की अध्यक्षता करते हुए सभी माननीय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक सहयोग के लिए सराहना की।

श्री बिरला ने सभा को सूचित किया कि कोरोना संक्रमण की चुनौतियों के बावजूद माननीय सदस्यों ने सदन में देर रात तक कार्य कर अपने संवैधानिक दायित्वों को प्रतिबद्धता के साथ निभाया, जिससे सदन की कार्य उत्पादकता 121 प्रतिशत रही।

श्री बिरला ने आगे कहा कि सदन में माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा के लिए आवंटित 12 घंटे के समय के स्थान पर 15 घंटे 13 मिनट चर्चा हुई जिसमें 60 माननीय सदस्यों ने भाग लिया, इसके अतिरिक्त 60 अन्य माननीय सदस्यों ने अपने भाषण सभा पटल पर भी रखे।

अपने संबोधन में अध्यक्ष जी ने सभा को यह बताया कि आम बजट पर सामान्य चर्चा के लिए आवंटित 12 घंटे के स्थान पर कुल 15 घंटे 33 मिनट चर्चा हुई जिसमें 81 माननीय सदस्यों ने भाग लिया एवं 63 अन्य माननीय सदस्यों ने अपने भाषण सभा पटल पर रखे।

संसदीय परम्परा का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह परंपराएं, लोकतंत्र को सशक्त बनाती है और समृद्ध संवाद से संसदीय प्रणाली और मजबूत होती है। उन्होंने आगे कहा कि संसद में गतिरोध मुक्त चर्चा से देश के नागरिकों का लोकतांत्रिक संस्थाओं में भरोसा और विश्वास बढ़ता है।

उन्होंने सभी माननीय सदस्यों ने सदन को संचालित करने में अपना सकारात्मक सहयोग देने तथा सभी विषयों पर व्यापक चर्चा-संवाद करने के लिए धन्यवाद दिया।